जागरण

# नकली सीमेंट फैक्ट्री का उद्भेदन, कई सामान जब्त

**हिंदी न्यूज़**| बिहार | पश्चिमी चंपारण

Publish Date:Tue, 02 Apr 2019 06:33 AM (IST)



बेतिया । जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नकली सीमेंट फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। छापेमारी सोमवार को बैरिया थानाक्षेत्र के सिसवा सरैया मन मे की गई। वहां से एक ट्रक, एक ट्रैक्टर ट्रॉली, मैटेरियल, वेट मशीन, 3000 खाली बोरा तथा 4000 भरी हुई बोरिया जब्त की गई है। राईस मिल के आड़ में नकली सीमेंट बनाने का गोरख धंधा हो रहा था। पुलिस ने राईस मिल के भवन को सील कर दिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक शिव कुमार राव को गुप्त सूचना मिली, कि सिसवा सरैया मन स्थित श्री साईं राइस मिल में नकली सीमेंट बनाया जा रहा हैं। सूचना के आधार पर सोमवार को एएसपी श्री राव ने दलबल के साथ वहां छापेमारी की। एसपी ने बताया कि जब वे राईस मिल गए तो वहां एक ट्रक से सीमेंट उतारा जा रहा था। सीमेंट जमकर पत्थर बन गया था। मिल के भीतर विभिन्न कंपनियों एवं ब्रांडों के सीमेंट की हजारों खाली बोरा रखा गया था। उन्होने बताया कि वहां बेकार हो चुकी सीमेंट को केमिकल मिलाकर नकली सीमेंट बनाई जा रही थी। राईस मिल की आड़ में काफी दिनों से नकली सीमेंट बनाने का गोरख धंधा चल रहा हैं। पुलिस ने वहां से मिले सभी समान को जब्त कर लिया हैं। जबकि मकान को सील करने की कार्रवाई चल रही हैं। छापेमारी के दौरान बैरिया अंचलाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी वरूण राजेन्द्र केतन, थानाध्यक्ष राणा प्रसाद आदि उपस्थित रहे। नकली सीमेंट फैक्ट्री के मालिक का नाम अशोक कुमार गुप्ता बताया गया हैं। जो अपने सहकर्मियों के साथ भागने में सफल रहा ।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/west-champaran-imitation-of-fake-cement-factory-seized-many-items-19094752.html